प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 26.04.2026 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम की 133वीं कड़ी को किया संबोधित, देश वासियों से जनगणना 2027 को सफल बनाने का किया आह्वान।
2. देशभर में ऑनलाइन एलपीजी सिलेंडर बुकिंग 99 प्रतिशत तक बढ़ी, ओटीपी आधारित डिलीवरी 94 दशमलव 5 प्रतिशत से हुई अधिक।
3. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन ने भीषण गर्मी को देखते हुए अग्नि सुरक्षा सप्ताह मनाने का दिया निर्देश, राज्य के सभी अस्पतालों को कराना होगा फायर सेफ्टी ऑडिट।
4. राज्य के छह जिलों के 430 केंद्रों पर हुई झारखंड पात्रता परीक्षा, अभ्यर्थियों ने राज्य सरकार से हर साल परीक्षा आयोजित कराने का किया आग्रह।
5. इंडियन सुपर लीग फुटबॉल में जमशेदपुर एफसी ने चेन्नईयिन एफसी को 4–1 से हराकर दर्ज की जीत, गोवा से एक मई को होगा अगला मैच।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु के कल्पक्कम में फास्ट ब्रीडर रिएक्टर को चालू करने में सफलता हासिल करने पर देश के परमाणु वैज्ञानिकों की सराहना की है। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम की 133वीं कड़ी में प्रधानमंत्री ने कहा कि परमाणु ऊर्जा यात्रा की इस ऐतिहासिक उपलब्धि से भारत का गौरव बढ़ा है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश की पवन ऊर्जा उत्पादन क्षमता अब 56 गीगावाट से अधिक हो गई है।

साउंड बाईट–नरेंद्र मोदी ऑन विंड एनर्जी–27 सेकेंड

प्रधानमंत्री ने कहा कि मौजूदा जनगणना अभियान विश्व का सबसे बड़ा जनगणना अभियान है। श्री मोदी ने देश वासियों से जनगणना 2027 को सफल बनाने का आह्वान किया।

****

केंद्र सरकार ने देशभर में पेट्रोलियम उत्पादों और एलपीजी की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठाए हैं। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा है कि घरेलू उपयोग के लिए एलपीजी की आपूर्ति को प्राथमिकता दी गई है और किसी भी एलपीजी वितरक केंद्र पर आपूर्ति में कमी की सूचना नहीं मिली है। मंत्रालय ने बताया देशभर में ऑनलाइन एलपीजी सिलेंडर बुकिंग करीब 99 प्रतिशत तक बढ़ गई है और ओटीपी आधारित डिलीवरी 94 दशमलव 5 प्रतिशत से अधिक हो गई है।

****

राज्य में बढ़ती गर्मी को देखते हुए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखंड के अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा ने सभी मेडिकल कॉलेज, जिला अस्पताल, अनुमंडल अस्पताल, सीएचसी–पीएचसी और अन्य स्वास्थ्य केंद्रों को 4 मई से 10 मई तक 'अग्नि सुरक्षा सप्ताह' मनाने का निर्देश दिया है। इस दौरान सभी अस्पतालों को फायर सेफ्टी ऑडिट कराना होगा। अभियान निदेशक ने सभी अस्पतालों को अग्निशमन विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेने और और बिजली से जुड़े सभी सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन करने का भी निर्देश दिया है।

****

राज्य की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने मांडर विधानसभा क्षेत्र के लापुंग के विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने पर जोर दिया है। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने मध्याह्न भोजन खाकर इसकी गुणवत्ता की जांच करते हुए जरूरी दिशा–निर्देश दिया। मंत्री ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए शिक्षक, अभिभावक और समाज के सभी वर्गों की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। मंत्री ने कई विद्यालयों में फर्नीचर, खिड़की और दरवाजों की जल्द मरम्मत कराने का भी निर्देश दिया।

****

जेपीएससी की झारखंड पात्रता परीक्षा–जेट आज सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित की गई। रांची, बोकारो, धनबाद, पूर्वी सिंहभूम, देवघर और हजारीबाग के चार सौ से अधिक केंद्रों पर अभ्यथियों ने परीक्षा दी।

इधर पूर्वी सिंहभूम जिले में परीक्षा को लेकर आज सुबह से ही केंद्रों पर परीक्षार्थियों की भीड़ रही। इस दौरान परीक्षार्थियों ने कहा कि झारखंड में लंबे अंतराल के बाद जेट परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। यह परीक्षा हर साल होनी चाहिए।

****

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 41 हजार 600 रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 2 लाख 55 हजार रूपये प्रति किलो है।

****

झारखंड गृह रक्षा वाहिनी क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र हजारीबाग में आज पासिंग आउट परेड समारोह का आयोजन किया गया। 63 दिनों तक चले प्रशिक्षण के बाद गिरिडीह जिले के 355 गृह रक्षकों ने कर्तव्यनिष्ठा की शपथ ली। अब ये गृह रक्षक अपने गृह जिला गिरिडीह में सेवा देंगे। इस मौके पर हजारीबाग के उपायुक्त हेमंत सती ने प्रशिक्षुओं को होमगार्ड के रूप में नए जीवन की शुरुआत करने के लिए बधाई दी।

****

साहिबगंज जिले में गन्ना विकास योजना के तहत किसानों के बीच कृषि उपकरणों का वितरण किया जा रहा है। साहिबगंज के सहायक निदेशक गन्ना विकास सह जिला उद्यान पदाधिकारी अमितेश रंजन ने बताया कि किसानों के बीच आधुनिक तकनीक से खेती करने के लिए पंप सेट, स्प्रेयर समेत कई उपकरणों का वितरण किया गया।

****

इंडियन सुपर लीग फुटबॉल में जमशेदपुर एफसी ने चेन्नईयिन एफसी को 4–1 से हराकर शानदार जीत दर्ज की है। जमशेदपुर के जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेले गए इस मुकाबले में मोहम्मद सनन ने दो गोल किए, जबकि मेसी बौली और निकोला ने एक–एक गोल कर टीम की जीत सुनिश्चित की। इस जीत के साथ जमशेदपुर एफसी अंक तालिका में चौथे स्थान पर पहुंच गई है और खिताबी दौड़ में अपनी दावेदारी मजबूत कर ली है। जमशेदपुर एफसी का अगला मुकाबला 1 मई को गोवा के खिलाफ खेला जाएगा।

****